कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल,
उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0,
"पारेषण भवन", प्रथम तल, 130–डी0 विक्टोरिया पार्क, मेरठ 250001
☎ 0121–2646624
फैक्स न0:–0121–2646624
GST NO. 09AACU8823E1Z9

U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LIMITED
UPPTCL
CIN NO
U40101UP2004SGC028687

Office of the
Superintending Engineer
Electricity Transmission Circle,
U.P. Power Transmission Corporation Ltd.
"Paareshan Bhawan", I[st] Floor, 130-D Victoria Park, Meerut-250001
☎ 0121-2646624
Fax No.: 0121-2646624
E.mail- setmrt@upptcl.org

पत्रांक/No. 1244 वि0पा0मं0/ETC/मेरठ/MT/Tender दिनांक/Dated 24/05/2021

विषयः– प्रकाशन हेतु निविदा सूचना निविदा संख्या टी– 25,26,27 एवं 28/21–22।

विज्ञापन व्यवस्थापक
इन्डियन एक्सप्रेस
मेरठ (नई दिल्ली)

**विज्ञापन व्यवस्थापक**
**दैनिक हिन्दुस्तान**
**मेरठ**

महोदय

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक / साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक **25.05.2021** एवं अग्रिम के अंक में कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 8–10 प्वाइंट में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइंट टाइप में (समाचार–पत्र के केवल 'एक कॉलम में') प्रकाशित करने की व्यवस्था करें । हैडिंग व नीचे का नाम एवं पता यथासम्भव एक ही लाईन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें ।

1. निविदा सूचना का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन का दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियाँ संलग्न करते हुए भुगतान हेतु अनु0 सचिव (जन सम्पर्क), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 शक्तिभवन, लखनऊ को अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें । विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन/भुगतान सम्भव न होगा ।
3. संलग्न हिन्दी / अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में ही किया जाये । हिन्दी सामाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रेजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये, जिसके लिए समाचार–पत्र कों कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा ।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन /भुगतान नहीं किया जायेगा।
5. यदि आपको सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हों तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें ।
6. विज्ञापन के अन्त मे सबसे नीचे छोटे टाइप में "स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक– अवश्य अंकित करें ।
7. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किए गये विज्ञापनों में उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है । अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका / निरस्त किया जा सकता है ।

संलग्नकः– 1. विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति
2. विज्ञापन सामग्री 1 नं0

भवदीय
(जितेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मंडल

पत्रांकः वि0 पा0 मं0/ मेरठ / दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –
1. अधिक्षण अभियंता (सम्बद्ध) अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0पावर कारपोरेशन लि0 शक्तिभवन,14–अशोक मार्ग लखनऊ।
2. मुख्य अभियंता (पा0प0) उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, पारेषण भवन, 130–डी, विक्टोरिया पार्क, मेरठ।
3. उप मुख्य लेखाधिकारी (पा0प0) मेरठ ।
4. अनु. सचिव (जन सम्पर्क) उ0 प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 लखनऊ।
5. अधिशासी अभियन्ता – विघुत पारेषण खण्ड–,मेरठ/मेरठ–2/बडौत।
6. नोटिस बोर्ड ।

(जितेन्द्र कुमार)
अधीक्षण अभियंता

Scanned with CamScanner

## उ0 प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0
## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

अनुभवी फर्मों/ठेकेदार/कार्यदायी संस्थाओं से विद्युत पारेषण मण्डल मेरठ के अन्तर्गत निम्न कार्यों/आपूर्ति हेतु मोहर बन्द ई–निविदायें ई–पोर्टल (www.etender.up.nic.in) पर दो भागों में आंमत्रित की जाती है। कृपया विस्तृत जानकारी, डाउन लोड, धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र शुल्क जमा करने तथा अन्य संशोधनों एवं ई–निविदा प्रस्तुत करने के दिनांक तक विस्तार आदि के सम्बन्ध में www.etender.up.nic.in पर लॉग आन करें।

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है:–

ई–निविदा संख्या, कार्य का विवरण, निविदा के प्रथम भाग खुलनें की दिनांक, धरोहर राशि एवं निविदा का मुल्य (कर सहित) को कम में पढ़ा जाये।

1. **टी–25/21–22 (अल्पकालिक):–** विद्युत पारेषण खण्ड मेरठ के अन्तर्गत 132 के0वी0 लोहियागर (हापुड रोड) पर 01 नग 33 के0वी0 'बे' के निर्माण से सम्बन्धित कार्य। दिनांक 08.06.2021, रू. 3,000.00/–, रू. 590.00/–
2. **टी–26/21–22:–** विद्युत पारेषण खण्ड मेरठ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र मुण्डाली पर स्थापित एयर कंडिशनर के रिपेयरिंग एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित कार्य। दिनांक 25.06.2021, रू. 2,000.00/–, रू. 590.00/–
3. **टी–27/21–22:–** विद्युत पारेषण खण्ड मेरठ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र वेदव्यासपुरी (हापुड बाईपास) पर स्थापित एयर कंडिशनर के रिपेयरिंग एवं अनुरक्षण से सम्बन्धित कार्य। दिनांक 25.06.2021, रू. 2,000.00/–, रू. 590.00/–
4. **टी–28/21–22:–** विद्युत पारेषण खण्ड मेरठ के अन्तर्गत विभिन्न उपकेन्द्रों पर दनिक प्रयोग हेतु लॉगशीट एवं विभिन्न पंजिकाओं की आपूर्ति। दिनांक 25.06.2021, रू. 2,000.00/–,रू. 590.00/–

अधीक्षण अभियंता, विद्युत पारेषण मण्डल, 130–डी, "पारेषण भवन" विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

"राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें"

---

अधीक्षण अभियंता
अधीक्षण अभियंता
विद्युत पारेषण मंडल
मेरठ

Scanned with CamScanner